# University in News on 26 July 2022

## JAGRAN CITY PAGE III

# एमएससी केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल चार से

## लवि के केमिस्ट्री विभाग ने जारी किया द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम

**जागरण संवाददाता, लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी और एमएससी द्वितीय सेमेस्टर केमिस्ट्री की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि तय कर दी। एमएससी द्वितीय सेमेस्टर (केमिस्ट्री) की प्रयोगात्मक परीक्षा चार, पांच और छह अगस्त को होगी। इसका समय सुबह 10 से शाम पांच बजे रहेगा। वहीं, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर (केमिस्ट्री) की प्रयोगात्मक परीक्षा 16, 17 व 18 अगस्त को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक होगी।

केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्र ने सोमवार को इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया। एमएससी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए पहचान पत्र, प्रवेश पत्र, फीस रसीद लेकर आना है। एग्जेम्पटेड छात्र-छात्राओं को 500 रुपये काशन मनी के रूप में कैशियर कार्यालय में जमा करना होगा। इसकी मूल रसीद परीक्षा के दिन लेकर आना होगा।

**अब एक अगस्त तक शुल्क जमा करने का मौका** : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शुल्क जमा करने का एक और मौका दिया है। छात्र-छात्राएं एक अगस्त तक यूडीआरसी पोर्टल पर कक्षा के अनुसार संबंधित संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष या संस्थान के निदेशक कार्यालय से आनलाइन अनुमति लेकर शुल्क जमा कर सकते हैं। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने वेबसाइट पर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

## अटल बिहारी कालेज : 31 को जारी होगी बीकाम की मेरिट

**जागरण संवाददाता, लखनऊ** : अब सभी बोर्ड के 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय एवं डिग्री कालेजों में भी दाखिले के लिए आवेदन की रफ्तार तेज हो गई है। ज्यादातर डिग्री कालेजों ने अपने यहां स्नातक में आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी। वहीं, कई कालेजों ने दाखिले के लिए पहली मेरिट सूची जारी करने की तिथि भी तय कर दी है।

लवि और डिग्री कालेजों में दो अप्रैल से स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन सीबीएसई व आइएससी के परिणाम की वजह से रिजल्ट देर से जारी हुए। अब मेरिट जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि स्नातक में 30 जुलाई तक आवेदन का मौका है। बीए प्रथम सेमेस्टर में 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर प्रवेश लिए जा रहे हैं। बीकाम प्रथम सेमेस्टर के लिए मेरिट सूची 31 जुलाई को जारी की जाएगी।

**महाराजा बिजली पासी राजकीय पीजी**



**यहां भी मौका**

क्रिश्चियन डिग्री कालेज में 30 जुलाई तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य डा. डीजे गोडिन ने बताया कि आवेदन के लिए आनलाइन और आफलाइन दोनों तरह से सुविधा दी गई है। बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज में भी स्नातक के आवेदन 30 जुलाई तक होंगे।

**कालेज में 30 तक मौका** : यहां स्नातक में आवेदन की तिथि 25 जुलाई थी, इसे सोमवार को बढ़ाकर 30 जुलाई कर दिया गया है। कालेज की प्राचार्या प्रो. सुमन गुप्ता ने बताया कि बीए, बीएससी व बीकाम में जिन्होंने आवेदन कर दिया है, उन सभी अभ्यर्थियों को अंक अपलोड करने का मौका दिया गया है। एक अगस्त को स्नातक की पहली मेरिट सूची वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

**केकेसी में पीजी व एलएलबी की तिथि बढ़ी**

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी) में परास्नातक व एलएलबी में आनलाइन आवेदन की तिथि 20 अगस्त तक कर दी गई। कालेज की प्राचार्या प्रो. मीता साह ने बताया कि स्नातक में आवेदन के लिए 30 जुलाई तक समय है। 29 जुलाई को प्रवेश समिति की बैठक कर आवेदन की तिथि बढ़ाने व मेरिट सूची जारी करने पर निर्णय होगा।

**डीएवी डिग्री कालेज में 15 अगस्त तक करें आवेदन**

कालेज ने भी स्नातक में आवेदन की तिथि 15 अगस्त तक विस्तारित कर दी है। प्राचार्य प्रो. सुधांशु सिन्हा ने बताया कि बीए और बीएससी में आवेदन के साथ-साथ प्रवेश लेने की प्रक्रिया जारी है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दाखिला लिया जा सकता है।

**छह विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट** : लखनऊ विश्वविद्यालय के छह विद्यार्थियों का प्लेसमेंट एक निजी कंपनी में हुआ है। इसमें बीएससी के दो छात्रों कमलकांत, रितेश बाजपेई, एमएससी के चार आभास द्विवेदी, श्रुति आनंद, कुशाग्र पाठक एवं सक्षम का चयन हुआ है। सभी को दो लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया गया है।

## i-NEXT PAGE 4

# एलयू के छह विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**LUCKNOW :** लखनऊ विश्वविद्यालय के छह विद्यार्थियों का प्लेसमेंट एक निजी कंपनी में हुआ है. इसमें बीएससी के दो छात्रों कमलकांत, रितेश बाजपेई, एमएससी के चार आभास द्विवेदी, श्रुति आनंद, कुशाग्र पाठक एवं सक्षम का चयन हुआ है. सभी को दो लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया गया है.

## SWATANTRA BHARAT PAGE 3

# लखनऊ विश्वविद्यालय के 6 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

स्वतंत्रभारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 6 छात्रों का प्लेसमेंट ज्ञान डेरी में हुआ।

जिसमें बीएससी के दो छात्रों कमलकांत एवं रितेश बाजपेई और एम.एस.सी के चार छात्र-छात्राओं आभास द्विवेदी, श्रुति आनंद, कुशाग्र पाठक एवं सक्षम का चयन एग्जीक्यूटिव केमिस्ट-क्वालिटी एश्योरेंस के पद पर 2 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ7 प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय एवं ज्ञान डेरी के टीम-टैलेंट एक्विजीशन ललित द्वारा किया गया।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# शुरू हुईं बीकॉम छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से बीकॉम छठे सेमेस्टर की वायवा वाइस परीक्षाएं शुरू हो गईं। परीक्षा के पहले दिन बीकॉम छठे सेमेस्टर (सेल्फ फाइनेंस) सेक्शन ए क्लास सीरियल संख्या एक से 47 तक एवं बी सेक्शन के एक से 46 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा न्यू ब्लॉक हुई मे हुई। वहीं, बीकॉम रेगुलर की परीक्षा के पहले दिन क्लास सीरियल ए ग्रुप मे एक से 58, बी ग्रुप मे एक से 61, सी ग्रुप मे एक से 60 एवं डी ग्रुप मे एक से 60 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा हुई। मंगलवार को भी परीक्षा जारी रहेगी।